Bureau of Public Enterprises and presented to Parliament every year during the Budget Session. This Report reviews the financial result of operations of the Undertakings etc. The Report for 1970-71 is under print and it is expected to be laid on the Table of the House during the current session.

सरकारी संस्थानों को हुआ लाभ अथवा हानि

2174. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सन् 1971-72 के वित्तीय वर्ष मे केन्द्रीय औद्योगिक संस्थानों में से कितनों को लाभ कितनों को हानि हुई; और

(ख) संस्थान वार लाभ अथवा हानि का ब्योरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०आर० गणेश): (क) और (ख). चूंकि वर्ष की समाप्ति के बाद, कम्पनियों को अपने लेखों की परीक्षा करवाने और उन्हें पास करवाने के लिये छः महीने का समय दिया जाता है इस लिए केन्द्रीय सरकार के औद्योगिक और वाणिज्यक उपक्रमो के 1971-72 के परीक्षित लेखे अभी तक उपलब्ध नही है ।

मध्य प्रदेश में 'सी' श्रेणी के नगर

2175. डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश मे उन नगरो के नाम क्या है जो गत दो वर्षो में 'सी' श्रेणी के नगर घोषित किए गये हैं;

(ख) केन्द्र सरकार द्वारा किसी नगर को 'सी' श्रेणी का नगर घोषित करने का आधार क्या है;

(ग) मध्य प्रदेश में कितने तथा किन नगरों को उनका दर्जा बढ़ाकर 'सी' श्रेणी का नगर घोषित करने की मांग की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. आर. गणेश) : (क) महू (छावनी), दुर्ग दमोह, मखारा और रीवा ।

(ख) जिन नगरों की आबादी 50,000 और उससे ऊपर होती है परन्तु चार लाख से नीचे होती है, उनका वर्गीकरण, मकान किराया भत्ते के प्रयोजनों के लिये, 'सी' श्रेणी के शहरों के रूप मे किया जाता है ।

(ग) 1971 की जन गणना के अनन्तिम आंकडो के आधार पर छिन्दवाड़ा, मन्दसौर और देवास का 'सी' श्रेणी के शहरो के रूप में वर्गीकरण किये जाने के बारे मे अभ्यावेदन हाल ही मे प्राप्त हुए है ।

गुजरात राजस्थान और मध्य प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाने की योजना

2176. डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश मे उन स्थानो के नाम क्या है जहा रासायनिक उर्वरकों के कारखाने स्थित है;

(ख) उक्त कारखानों मे किस किस्म के रासायनिक उर्वरकों का उत्पादन होता है और उनका वार्षिक उत्पादन क्या है; और

(ग) क्या उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ?

विधि और न्याय तथा पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एच. आर. गोखले) : (क) और (ख). अपेक्षित सूचना सभा पटल पर रखे गये विवरण-पत्र में दी गई है । 1682/72

(ग) मेसर्स आदर्श कैमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स ने सुपरफास्फेट की उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 36,000 मीटरी टन से बढ़ाकर 54,000